Sindhu chaupal

WWW.sindhuchaupal.com

सुविचार -

समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

Saturday 23rd March 2024 SINDHU CHAUPAL www.sindhuchaupal.com

जयपुर सिंधी समाज ने भगवान श्री झूलेलाल जी के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित पखवाड़ा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में मनाया फागोत्सव



जयपुर सिंधी समाज ने शास्त्री नगर में फाग उत्सव भजन कीर्तन एंव श्याम बाबा की पूजा अर्चना कर फाग उत्सव मनाया गया। इस दौरान महिलाओं बच्चों ने श्री कृष्ण राधा एवं खाटू श्याम बाबा से जुड़े विभिन्न भजन नृत्य के साथ प्रस्तुत किए। महिलाओं ने पलके ही पलके बिछाएंगे एक दिन शाम बाबा घर आएंगे.... मंदरिया में उड़े रे गुलाल छायो रंग केसरियो... मुझे अपने ही रंग में रंग ले मेरे यार सांवरे ...आयो सरकार मेरे... रंग मत डालो रे सांवरिया... सांवरिया की महफ़िल को सांवरा सजाता है ...विभिन्न भजनों के साथ फाग लोकगीत सुनाये और फूलों की होली खेलते हुए नृत्य किया ।

बता दे की जयपुर का सिंधी समाज अपने आराध्य भगवान श्री झूलेलाल जी के जन्मोत्सव के अवसर पर पखवाड़े कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है इसके तहत पूरे जयपुर शहर में जगह-जगह पर कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी कड़ी में शास्त्री नगर में सर्व सिंधी समाज महासभा की मातृशक्ति अध्यक्ष सोनिया उघानी जी के सानिध्य में चेटीचंड सिंधी मेला समिति जयपुर ग्रेटर के द्वारा यह भव्य आयोजन किया गया ।इस अवसर पर चेटीचंड सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष के महेश हरदासानी, मुख्य संरक्षक गोपाल लालवानी, संरक्षक संतोष धिरवानी, शहर कोषाध्यक्ष लीला राम मनवानी काली मामा , प्रचार सचिव मोतीराम चांडवानी ,खूशहालचन्द तोलानी,किशोरकुमार आसवानी,दिलीपकुमार खुशलानी,लीलाराम पंजाबी,आसनदास मुलचन्दानी ,CN नंदवानी ,शंकर सुखवानी ,कमलेश भाई ,नितेश ऊधानी ,मोहित ऊधानी,राजु वीरवानी एवं मात्र शक्ति टीम से सोनिया ऊघानी जी ,भुमी कृपलानी,सिमरन हेमराजानी,चंचल नवलानी,दिया ठकुरानी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। महिलाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर फाग उत्सव की होली खेली गई। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।